X

# हिंदी

## समीक्षा

## तिरुवनंतपुरम शैक्षिक जिला

कक्षा 10

# कार्य-पत्रिका 19

## सूचना -बीरबहूटी कहानी का निम्नलिखित अंश पढें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

उन्हें बीरबहूटियों से मिलना होता था। सो वे स्कूल के लिए घर से कुछ समय पहले निकल आते थे। कस्बे से सटे इन खेतों में बीरबहूटियाँ खोजा करते थे। सूर्ख, मुलायम, गदबदी बीरबहूटियाँ। धरती पर चलती- फिरती खून की प्यारी- प्यारी बूँदें।

1. बीरबहूटी कहानी के प्रमुख पात्र कौन-कौन हैं?
2. बच्चे स्कूल के लिए घर से कुछ समय पहले निकल आते थे। क्यों?
3. बच्चे बीरबहूटियों को कब और कहाँ ढूँढते हैं?
4. बीरबहूटियों की विशेषताएँ क्या-क्या हैं?
5. कहानी के प्रस्तुत प्रसंग के अनुसार पटकथा का एक दृश्य लिखें।

## सूचना -बीरबहूटी कहानी का निम्नलिखित अंश पढें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

“एक पैन स्याही भर दो" साहिल से पहले ही बेला ने दुकानवाले से कहा।
“बेटा, स्याही की बोतल अभी- अभी खाली हो गई है।अब तो कल ही मिल पाएगी।"

THIRUVANANTHAPURAM EDUCATIONAL DISTRICT

" लेकिन इसने तो पैन में जो स्याही थी उसे भी ज़मीन पर छिड़क दिया ।" बेला बोली ।
"बादल को देखकर घड़े को नहीं ढुलाना चाहिए ।"

1. **'इसने'** में निहित सर्वनाम शब्द कौन-सा है?
   (इस,यह,वह)

2. "बादल को देखकर घड़े को नहीं ढुलाना चाहिए।"दुकानदार ऐसा क्यों कहता है?

3. प्रस्तुत प्रसंग के आधार पर साहिल की डायरी लिखें।

THIRUVANANTHAPURAM EDUCATIONAL DISTRICT